फा.सं. 25011/3/2020-ईडी-सीपीसी
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग
आर्थिक प्रभाग
****

कमरा सं. 231, ए विंग,
शास्त्री भवन, नई दिल्ली
दिनांक: 01.07.2022

विषय : कैबिनेट को भेजे जाने के लिए मई, 2022 माह के सार के संबंध में।

अधोहस्ताक्षरी को इस पत्र के साथ मई, 2022 माह के लिए रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग से संबंधित मासिक सार के अवर्गीकृत हिस्से की एक प्रति सूचनार्थ परिचालित करने का निदेश हुआ है।

एन०के०संतोषी
01/07/2022
(एन. के. संतोषी)
उप महानिदेशक

सेवा में,

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य
2. उपाध्यक्ष, नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली
3. नीति आयोग, योजना भवन (10 अतिरिक्त प्रतियों के साथ)
4. प्रधान सूचना अधिकारी, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली

प्रतिलिपि:

5. सचिव, सभी मंत्रालय/विभाग, भारत सरकार
6. सचिव, संघ लोक सेवा आयोग, शाहजहां रोड, नई दिल्ली-110069
7. भारत के राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110004
8. भारत के उपराष्ट्रपति के सचिव, 6 मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली-110001
9. भारत के प्रधान मंत्री के निजी सचिव, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली-110011
10. निदेशक, कैबिनेट सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110004
11. निदेशक, इंटर-स्टेट काउंसिल सचिवालय, एमएचए, विज्ञान भवन एनेक्सी, नई दिल्ली-110011
12. सचिव (रसायन एवं पेट्रोरसायन) के पीपीएस
13. निदेशक (प्रशासन), रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग को विभाग की वेबसाइट पर डलवाने के अनुरोध के साथ

फाइल नंबर 25011/3/2020-ईडी-सीपीसी
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग

मई, 2022 के महीने के लिए मासिक सारांश.

मई, 2022 के दौरान महत्वपूर्ण घटनाएं/गतिविधियां इस प्रकार हैं:

2. माननीय मंत्री (रसायन और उर्वरक) ने 31 मई, 2022 को भावनगर में सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सिपेट) केंद्र का उद्घाटन किया।

3. रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग ने उद्योग से जुड़ने के लिए सीओई को उनके शोध परिणामों और उपलब्धियों को प्रदर्शित करने हेतु एक मंच प्रदान करने के लिए 18 मई, 2022 को एक 'इंडस्ट्री कनेक्ट विद सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) कॉन्क्लेव' का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय राज्य मंत्री (रसायन और उर्वरक) थे। कॉन्क्लेव के दौरान उन्होंने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एंड इंडस्ट्री कनेक्ट पोर्टल का उद्घाटन किया, जिसे विभाग की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया गया है।

4. भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में "आज़ादी का अमृत महोत्सव" के तहत मई, 2022 के दौरान, सिपेट, सेंटर फॉर स्किलिंग एंड टेक्निकल सपोर्ट (सीएसटीएस), देहरादून ने 10 मई 2022 को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया।

5. सिपेट ने शैक्षणिक और कौशल विकास गतिविधियों के तहत 31 मई, 2022 तक 18,065 छात्रों (13,097 दीर्घावधि में नामांकित और अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से 4,968 प्रशिक्षित) को नामांकित/प्रशिक्षित किया है। मई, 2022 के दौरान, सिपेट ने अल्पावधि प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से 2,646 छात्रों को प्रशिक्षित किया है।

6. सिपेट द्वारा 31 मई, 2022 तक प्लास्टिक और संबद्ध उद्योगों के लाभ के लिए प्लास्टिक प्रसंस्करण, टूलींग, परीक्षण, डिजाइन, परामर्श और निरीक्षण गतिविधियों के क्षेत्र में 15,501 प्रौद्योगिकी सहायता सेवाएं शुरू की गईं।

7. मार्च, 2022 माह के लिए रसायन और पेट्रोरसायन क्षेत्र के उत्पादन डेटा पर औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के निर्माण के लिए प्रमुख संकेतक राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसएंडपीआई) को भेजे गए थे। पिछले महीने अर्थात् फरवरी, 2022 की तुलना में मार्च, 2022 में इसमें 7.1% की वृद्धि हुई है।

8. मई, 2022 में एचओसीएल ने क्रमश: 10% और 8.54% की क्षमता उपयोग के साथ 326 मीट्रिक टन फिनोल और 175 मीट्रिक टन एसीटोन का उत्पादन किया। संयंत्र बंद होने के कारण फिनोल और एसीटोन का उत्पादन प्रभावित हुआ। माह के दौरान 63.60% प्रतिशत क्षमता उपयोग के साथ हाइड्रोजन पेरोक्साइड (एच$_2$ओ$_2$) का उत्पादन 554 मीट्रिक टन था।

9. कीटनाशक सूत्रीकरण प्रौद्योगिकी संस्थान (आईपीएफटी) में 'कीटनाशकों और भारी धातुओं के अवशेषों की निगरानी' के संबंध में प्रायोगिक कार्य किया जा रहा है। भारत के विभिन्न क्षेत्रों के फल, सब्जियां, अनाज, दालें, गन्ना, खेत की मिट्टी, भूजल और सतही जल के नमूनों का विश्लेषण प्रक्रियाधीन है।

10. कल्याण आयुक्त कार्यालय, भोपाल गैस पीड़ित ने मई 2022 के अंत तक अनुग्रह राशि के 63,368 मामलों का फैसला किया, जिनमें से अवार्डिड और अस्वीकृत मामले क्रमशः 51,780 और 11,493 हैं। 51,875 दावेदारों को 866.50/- करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान की गई है। माह के दौरान 95 मामलों में 1.52/- करोड़ रू. की राशि का वितरण किया जा चुका है।

11. विभाग द्वारा 13 मई, 2022 को साइबर जागरुकता (जागरूकता) दिवस (सीजेडी) पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया।

12. संसदीय राजभाषा समिति की पहली उप-समिति द्वारा 24 मई, 2022 को इस विभाग के एक स्वायत्त निकाय सिपेट, मैसूर का राजभाषा संबंधी निरीक्षण किया गया।

13. विभाग और विभाग के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और स्वायत्त संगठनों में कोविड-19 महामारी से संबंधित सभी सावधानियों का पालन किया जा रहा है।

14. रसायन और पेट्रोरसायन का उत्पादन:

I. पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 112.43 लाख टन की तुलना में 2021-22 (मार्च 2022 तक) के दौरान प्रमुख रसायनों के उत्पादन की मात्रा बढ़कर 127.11 लाख टन हो गई, इसमें 13.06% की वृद्धि दर्ज की गई।

II. पिछले वर्ष की तुलना में इस अवधि के दौरान सभी प्रमुख रसायनों के उत्पादन अर्थात एल्कली रसायन, अकार्बनिक रसायन, कार्बनिक रसायन, पेस्टीसाइड्स और इंसेक्टीसाइड्स और डाई और पिगमेंट में वृद्धि हुई है।

III. पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 421.55 लाख टन की तुलना में 2021-22 (मार्च-2022 तक) के दौरान प्रमुख पेट्रोरसायनों के उत्पादन की मात्रा भी बढ़कर 445.13 लाख टन हो गई, इसमें 5.59% की वृद्धि दर्ज की गई।

IV. पिछले वर्ष की तुलना में इस अवधि के दौरान प्रमुख पेट्रोरसायनों अर्थात सिंथेटिक फाइबर, फाइबर इंटरमीडिएट, पॉलिमर, सिंथेटिक रबर, सिंथेटिक डिटर्जेंट इंटरमीडिएट, परफॉर्मेंस प्लास्टिक, ओलेफिन, एरोमैटिक्स और अन्य पेट्रोरसायनों के उत्पादन में वृद्धि हुई है।

निम्नलिखित आरेख 2020-21 (मार्च, 2021 तक) की तुलना में 2021-22 (मार्च, 2022 तक) के दौरान प्रमुख रसायनों और पेट्रोरसायनों के उत्पादन का सार प्रस्तुत करते है। (आंकड़े तालिका-I और II में दिए गए हैं)





Production of Major Petrochemicals
14000000
12000000
10000000
8000000
6000000
4000000
2000000
0
Synthetic Fibre
Fibre Intermediate
Polymers
Synthetic Rubber
Synthetic Detergent Intermediates
Performance Plastics
Olefins
Aromatics
Other Petrochemicals
2020-21 (Upto March-2021)
2021-22 (Upto March-2022)

15. प्रमुख रसायनों और पेट्रो-रसायनों का आयात/निर्यात:

(i) मार्च 2022 माह में 7,317/- करोड़ रुपये मूल्य के प्रमुख रसायनों और 4,753/- करोड़ रुपये मूल्य के प्रमुख पेट्रोरसायनों का निर्यात किया गया। माह के दौरान प्रमुख रसायनों और प्रमुख पेट्रोरसायनों का आयात क्रमश :4,486/- करोड़ रुपये और 11,478/- करोड़ रुपये था।

(ii) वर्ष 2021-22 (मार्च 2022 तक) में प्रमुख रसायनों और प्रमुख पेट्रोरसायनों का संयुक्त निर्यात 100.69/- हजार करोड़ से बढ़कर 141.13/- हजार करोड़ रुपये हो गया है। आयात पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 105.55/- हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 168.61/- हजार करोड़ रुपये हो गया है।

(iii) जबकि निर्यात और आयात दोनों पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में अधिक रहे हैं, आयात में वृद्धि अधिक रही है। पिछले वर्ष की इसी अवधि में 4.86/- हजार करोड़ रुपये के व्यापार घाटे की तुलना में चालू वर्ष में व्यापार घाटा 27.3/- हजार करोड़ रुपये है।

(iv) अप्रैल-मार्च, 2020-21 के लिए प्रमुख रसायनों और प्रमुख पेट्रोरसायनों के निर्यात के आंकड़े क्रमशः 57.11/- हजार करोड़ रुपये और 43.58/- हजार करोड़ रुपये रहे। अप्रैल-मार्च, 2020-21 के लिए प्रमुख रसायनों और प्रमुख पेट्रोरसायनों के आयात के आंकड़े क्रमशः 33.95/- हजार करोड़ रुपये और 71.59/- हजार करोड़ रुपये रहे।

नीचे दिए गए पाई चार्ट कुल व्यापार में प्रमुख रसायनों और पेट्रोरसायनों के विभिन्न समूहों के शेयरों को दर्शाते हैं:

मार्च-2022 (2021-22) में प्रमुख रसायनों का निर्यात



मार्च-2022 (2021-22) में प्रमुख पेट्रोरसायनों का निर्यात



मार्च-2022 (2021-22) में प्रमुख रसायनों का आयात



मार्च-2022 (2021-22) में प्रमुख पेट्रोरसायनों का आयात



तालिका-I

प्रमुख रसायनों का उत्पादन				
				(मात्रा: मीट्रिक टन)
क्र.सं.	**प्रमुख रसायनों समूहों के नाम**	**2020-21 (मार्च, 2021 तक)**	**2021-22 (मार्च, 2022 तक)**	**2020-21 की तुलना में 2021-22 में % वृद्धि**
1	एल्कली रसायन	77,76,459	90,41,001	16.26
2	अकार्बनिक रसायन	9,77,777	10,21,373	4.46
3	कार्बनिक रसायन	19,06,265	19,52,896	2.45
4	पेस्टीसाइड्स और इंसेक्टीसाइड्स	2,55,090	2,97,783	16.74
5	डाई और पिगमेंट	3,27,461	3,98,020	21.55
	कुल	**1,12,43,052**	**1,27,11,073**	**13.06**

तालिका-II

प्रमुख पेट्रोरसायनों का उत्पादन				
				(मात्रा: मीट्रिक टन)
क्र.सं.	**प्रमुख पेट्रोरसायनों समूहों का नाम**	**2020-21 (मार्च, 2021 तक)**	**2021-22 (मार्च, 2022 तक)**	**2020-21 की तुलना में 2021-22 में % वृद्धि**
1	सिंथेटिक फाइबर	31,84,645	40,38,817	26.82
2	फाइबर इंटरमीडिएट	50,59,148	54,81,670	8.35
3	पॉलिमर	1,21,43,624	1,24,63,050	2.63
4	सिंथेटिक रबर	3,53,337	3,82,632	8.29
5	सिंथेटिक डिटर्जेंट इंटरमीडिएट	7,36,437	7,80,388	5.97
6	परफॉर्मेंस प्लास्टिक	15,19,565	16,91,401	11.31
7	ओलेफिन्स	1,20,39,445	1,24,90,562	3.75
8	एरोमेटिक्स	48,04,863	46,72,225	-2.76
9	अन्य पेट्रोरसायन	23,14,224	25,12,028	8.55
	कुल	4,21,55,288	4,45,12,773	5.59

बड़े और मध्यम पैमाने के उद्योगों से प्राप्त एमपीआर के आधार पर।